
NNi
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक-146, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 02 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## नवाज शरीफ और शहबाज सरीफ के बीच अहम बैठक


# पाकिस्तान में मुनीर पर हो सकता है बड़ा फैसला !

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गृह युद्ध का आशंका के बीच नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ के बीच में बैठकें शुरू हो गई हैं। आशंका जताई जा रहा है कि आज आसिम मुनीर के नोटिफिकेशन पर बड़ा फैसला हो सकता है। इमरान की पार्टी के नेता आज अडियाला जेल की तरफ प्रोटेस्ट मार्च करेंगे। इस बीच इमरान की बहन नोरीन नियाजी का बड़ा बयान सामने आया है। नोरीन नियाजी ने कहा है कि जेल में इमरान के ऊपर बहुत जुल्म हो रहा है। इमरान को कैद-ए-तन्हाई में रखकर उनपर अत्याचार किया जा रहा है... नोरीन ने कहा है कि मुनीर किसी एक से भी इमरान को मिला दे तो बात नहीं बिगड़ेगी। इमरान समर्थक अडियाला जेल पहुंच रहे हैं, गाड़ियों से इमरान



समर्थक अडियाला जेल की तरफ निकल गए हैं। जेल में इमरान से उनके परिवार की मुलाकात की डिमांड है। वहीं, पाकिस्तान से खबर है कि शहबाज शरीफ नवाज शरीफ से मिलने लाहौर पहुंचे हैं। वहीं दावा किया जा रहा है कि 'नोटिफिकेशन तक इमरान से किसी की मुलाकात नहीं कराई जायेगी। नवाज और शहबाज के बीच आसिम मुनीर के नोटिफिकेशन को लेकर मुलाकात हो हो रही है। मुनीर के नोटिफिकेशन पर बड़ा फैसला हो सकता है। मुनीर का सीडीएफ नोटिफिकेशन जारी होगा या नहीं और ये आज क्लियर हो जाएगा। मुनीर का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं हुआ है..वहीं इमरान के करीबी ने दावा किया है कि पाकिस्तान आर्मी में अभी चार पद खाली हैं। आर्मी के वाइस चीफ और स्ट्रेटिजिक कमांड के हेड का पद खाली है। सीडीएफ के लिए आसिम मुनीर नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहा है, जबकि स्ट्रेटिजिक कमांड के हेड की पोस्ट भी काफी अहम है और इसके पास पाकिस्तान के एटम बम की हिफाजत की ज़िम्मेदारी है। मुनीर के नोटिफिकेशन को लेकर सस्पेंस गहराता जा रहा है। इस बीच मुनीर के बेहद खास और पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी का बयान सामने आया है। मोहसिन नकवी ने कहा है कि सीडीएफ के नोटिफि केशन का कोई मसला नहीं है, नोटिफि केशन की देरी पर जो लोग सवाल उठा रहे हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद इमरान की पिछले 29 दिनों से कोई खबर नहीं है। इमरान की बहनें अडियाला जेल पहुंच चुकी हैं। उधर इमरान की पार्टी के नेता बड़ा प्रोटेस्ट मार्च निकालने जा रहे हैं। पीटीआई के सांसद और विधायक अडियाला जेल पर धावा बोल सकते हैं।

## प्रेम कुमार बने बिहार विधानसभा अध्यक्ष



**पटना।** 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता प्रेम कुमार चुन लिए गए। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वह नवीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। सोमवार को बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के सामने तेजस्वी यादव के पहले और मंत्रियों के बाद विधायक के रूप में डॉ. प्रेम कुमार ने शपथ ली थी। इसके बाद बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चयन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। आज उन्हें निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुन लिया गया।

## नशीले कफ सीरफ का सिपाही आरोपी आलोक सिंह गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ का फरार सिपाही आलोक सिंह आखिरकार गिरफ्तार हो गया है। एसटीएफ ने मंगलवार को उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया। एक दिन पहले ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। आलोक कोडीनयुक्त नशीले कफ सिरप मामले में फरार था। पूछताछ में उसने एसटीफ को बताया है कि सरेंडर करने जा रहा था। इसके लिए लखनऊ कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी भी दाखिल की थी। सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले ही एसटीएफ ने तकनीकी निगरानी और पुख्ता इनपुट के आधार पर उसे दबोच लिया।नशीले कफ सिरप की तस्करी में कई गिरफ्तारियां होने के बाद आरोपी सिपाही आलोक सिंह विदेश भागने की फिराक में था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ सक्रिय थी।

सोमवार को ही उसका लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। उसके ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। मंगलवार को कोर्ट में समर्पण के लिए जाते समय वह एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया।




## महाराष्ट्र : सभी नगर परिषद और नगर पंचायत के चुनाव नतीजों की तारीख बदली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सभी नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव के नतीजे अब 2 दिसंबर को नहीं आएंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने ये फैसला सुनाया है। फैसले के मुताबिक, सभी नगर परिषद और

- बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने सुनाया फैसला

नगर पंचायत के चुनाव के नतीजे 21 दिसंबर को आएंगे। 20 दिसंबर तक महाराष्ट्र में चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी। सीएम फडणवीस ने कहा, चुनाव प्रक्रिया में चुनाव आयोग को सुधार लाना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी ने नियमों का पालन किया है। कोई कोर्ट में चला गया है, इसलिए इस तरह की बातें हो रही हैं। चुनाव को लेकर पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# श्रीलंका में लगातार बढ़ रहा मौत का आकड़ा

## • 350 से ज्यादा लोगों की मौत, भारत ने बढ़ाए मदद के हाथ



**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दितवाहो भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के अनुसार, अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। डीएमसी के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं चक्रवात दितवाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं। नेपाल ने बाढ़ प्रभावित श्रीलंका की मदद के लिए 2 लाख अमेरिकी डॉलर की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यह सहायता राहत और बचाव कार्यों के लिए दी जाएगी। श्रीलंका में हाल ही में साइक्लोन दित्वाह के कारण भारी बाढ़, भूस्खलन और बुनियादी ढांचे के टूटने की वजह से कई जिले कट-ऑफ हो गए हैं और आपदा प्रबंधन की क्षमता पर दबाव बढ़ गया है।

### स्टारलिंक ने दिया मुफ्त इंटरनेट

इस आपदा के बीच स्टारलिंक ने प्रभावित इलाकों में मुफ्त इंटरनेट कनेक्टिविटी देने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह सेवा दिसंबर 2025 तक सभी नए और मौजूदा ग्राहकों के लिए मुफ्त रहेगी।

### भारत का 'ऑपरेशन सागर बंधु'

इतना ही नहीं इस त्रासदी को देखते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया और श्रीलंका की मदद के लिए एचएडीआर (ह्यूमैनिटेरियन, राहत और बचाव) ऑपरेशन में तेजी दिखाई। भारतीय वायु सेना ने कोलंबो भेजे गए विमान के जरिए 21 टन राहत सामग्री, 80 से ज्यादा एनडीआरएफ जवान और आठ टन उपकरण पहुंचाए। पुणे से भी एनडीआरएफ टीम और उपकरण एयरलिफ्ट किए गए। इस मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने कठिन हालात में भी तेज, समन्वित और मानवीय राहत प्रयास के जरिए श्रीलंका की मदद की है। यह मिशन भारत की पड़ोसी देश के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत गंभीर, दिल-फेफड़ों तक पहुंचा संक्रमण का असर



**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने वाले है। इससे पहले वहां की राजनीति में गजब का गर्माहट देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल करने में लगी है। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। बता दें कि खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अभी तक जिया को विदेश में इलाज के लिए भेजने की सलाह नहीं मिली है। वहीं बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने शनिवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा था कि उन्हें विदेश में इलाज की जरूरत हो सकती है, लेकिन वर्तमान में उनकी शारीरिक स्थिति विदेश यात्रा के लिए अनुकूल नहीं है। बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को पहले भी जिगर, किडनी, मधुमेह, गठिया और आंखों की बीमारियों जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हैं।

# विद्रोह की सुलगती चिंगारी से भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंचा पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वर्तमान संकट इमरान खान बनाम सेना की लड़ाई से कहीं बड़ा है। अब सत्ता का दांव सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि सेना के संस्थागत प्रभुत्व, प्रांतों की क्षेत्रीय पहचान और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जीवंतता से जुड़ चुका है। सैन्य रणनीति, जनसमर्थन का भूगोल और आर्थिक दिवालियापन एक दूसरे से टकराते हैं तो देश खतरनाक मायनों में पुनर्गठन के दौर में प्रवेश करता है। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है। विद्रोह की सुलगती चिंगारी से वह भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंच चुका है। पाकिस्तानी सेना की रणनीति का पूरा ढांचा इस बात पर केंद्रित है कि राष्ट्रीय नैरेटिव, विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा पर उसकी पकड़ बनी रहे। इमरान को सिर्फ सियासी चुनौती नहीं, संस्थागत नियंत्रण के लिए खतरा माना जा रहा है। आंतरिक खुफिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि पहली बार प्रजातंत्र नहीं, सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जन-आंदोलन जैसी मानसिकता उभर रही है। सूचना नैरेटिव से लेकर मीडिया पर नियंत्रण, राजनीतिक नेतृत्व के पुनर्विन्यास की कोशिश और पीटीआई कैडर को संगठित विरोध से बिखरे विरोध की ओर धकेलने के सेना के दबाव से जनसमर्थन घटने के बजाय बढ़ रहा है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने नाम उजागर किए बिना कहा कि समस्या यह नहीं है कि इमरान लोकप्रिय हैं। समस्या यह है कि संस्थागत वैधता पहली बार लोकप्रिय वैधता से कमजोर महसूस की जा रही है। यह स्थिति सेना के लिए सामरिक खतरा है, न कि केवल राजनीतिक असुविधा।

# सिडनी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण रैकेट का भंडाफोड़, हजारों वीडियो बरामद

**सिडनी।** सिडनी में पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों पर बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो ऑनलाइन फैलाने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क एक वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण घिरोह से जुड़ा था, जिसके वीडियो में खतरनाक रस्मों और शैतानी प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस की विशेष टास्क फोर्स ने ऑनलाइन एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर चल रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान इस नेटवर्क की पहचान की। डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट जेन डोहर्टी ने बताया कि यह सामान्य अपराध नहीं था, बल्कि इसमें ऐसे वीडियो शामिल थे जिनमें बच्चों को शैतानी अनुष्ठानों से जुड़े प्रतीकों और रिवाजों का इस्तेमाल करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह सामग्री अत्यंत भयावह है और बातचीत में भी ऐसे संकेत मिले जिससे पता चलता है कि आरोपी इसी तरह की क्रूर सामग्री साझा करते थे। पिछले दिनों सिडनी में कई स्थानों पर छापे मारे गए और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जिनमें हजारों वीडियो संग्रहित थे। यह सामग्री ऐसे बच्चों की थी जिनकी उम्र कुछ महीनों से लेकर 12 साल तक बताई गई है। पुलिस का कहना है कि यह सबूत दिखाते हैं कि आरोपी एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा थे, जो ऑनलाइन बच्चों पर अत्याचार से जुड़े वीडियो साझा करता था। पुलिस ने बताया कि यह नेटवर्क अलग-अलग देशों में फैले लोगों के बीच सामग्री साझा करता था। जांच में यह संकेत मिला है कि आरोपी शैतानी और ओकल्ट प्रतीकों के साथ वीडियो साझा करते थे। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में जो वीडियो मिले हैं, वे आरोपियों ने खुद नहीं बनाए, लेकिन उन्होंने इन्हें साझा किया और इन पर चर्चाएं कीं। अधिकारियों ने कहा कि वे वैश्विक एजेंसियों के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित बच्चे कौन थे, उन्हें कहां प्रताड़ित किया गया और अपराध के पीछे कौन लोग हैं। गिरफ्तार आरोपियों में 26 वर्षीय लैंडन जर्मनोटा-मिल्स को इस नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया गया है। अन्य तीन आरोपी स्टुअर्ट वुड्स रिचेस (39), मार्क एंड्रयू सेनडेक्की (42) और बेनजामिन रेमंड ड्राइस्डेल (46) हैं। चारों पर ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री फैलाने के आरोप लगे हैं। जर्मनोटा-मिल्स पर बेस्टियालिटी सामग्री फैलाने और अपने पास रखने का अतिरिक्त आरोप भी लगाया गया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 02 दिसम्बर, 2025


# 25 हजार का इनामी शार्प शूटर गिरफ्तार मथुरा पुलिस से मुठभेड़ में लगी गोली

एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा के थाना बलदेव क्षेत्र में सोमवार की देर रात पुलिस की इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हाथरस का रहने वाले इस शूटर ने जुलाई में बुजुर्ग के बेटे के साथ मिलकर उनको गोली मारी थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। थाना बलदेव पुलिस हत्या के मामले में फरार चल रहे शूटर पवन उर्फ यशवीर उर्फ बंदर की तलाश में जुटी थी। देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बंदर यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 140 के पास बने अंडर पास पर मौजूद है। सूचना मिलते ही बलदेव थाना प्रभारी रंजना सचान एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस को देखते ही पवन उर्फ बंदर ने फायरिंग कर दी।बंदर के द्वारा की गई फायरिंग से बचते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें पुलिस की गोली पवन के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल हुए आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया।

इसके पास से तमंचा, 5 कारतूस और एक बोलेरो पिकअप गाड़ी बरामद की। पवन उर्फ बंदर की गिरफ्तारी पर एसएसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था।पवन ने 30 जुलाई को थाना बलदेव क्षेत्र के गांव कांचनाऊ के रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग रघुवीर सिंह को उनके बेटे विनोद के साथ मिलकर गोली मार दी थी। इस मामले में विनोद ने पुलिस को गुमराह करते हुए दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया था। बुजुर्ग को इलाज के लिए आगरा में भर्ती कराया जहां 3 अगस्त को उनकी मृत्यु हो गई थी। रघुवीर सिंह की हत्या किए जाने के मामले की जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वारदात को अंजाम उनके बेटे विनोद ने बेटी के प्रेमी के साथ मिलकर दिया। विनोद पर दस लाख का कर्जा था। इसको चुकाने के लिए उसने बेटी के प्रेमी पवन के साथ योजना बनाई। हाथरस का रहने वाला पवन 30 जुलाई को गांव के रास्ते पर आ गया। जहां विनोद अपने पिता रघुवीर सिंह को अस्पताल में भर्ती भाई को दिखाने के बहाने मोपेड पर बिठा कर ले गया। इसी दौरान पवन ने रघुवीर सिंह के गोली मार दी। विनोद ने पुलिस को बताया था कि वह पिता की मृत्यु के बाद खेत को बेचकर कर्जा चुकाना चाहता था। पुलिस ने विनोद और उसकी बेटी प्रीति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



## एटा हादसा: ट्रक ने दो बाइक को रौंदा, डॉक्टर सहित तीन की मौत, चौथे की हालत गंभीर

**एटा।** एटा में कासगंज रोड पर सोमवार देर रात ट्रक ने बाइक सवार चार युवकों को रौंद दिया। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। एक टुवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ये हादसा मिरहची थाना क्षेत्र में गांव अमृतपुर के समीप हुआ। बताया गया है कि बाइक सवार कासगंज से लौट रहे थे। तभी ट्रक ने दोनों बाइकों को चपेट में ले लिया। दोनों बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक युवक का उपचार चल रही है। मृतकों में पशु प्रेमी चिकित्सक डॉ. वैभव जैन और दो अन्य हैं।

## फिरोजाबाद में व्यापार मंडल ऑफिस पर हमला:दबंगों ने की मारपीट और तोड़फोड़, पुलिस जांच में जुटी

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र स्थित संतोष नगर में सोमवार देर रात फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कार्यालय में घुसकर मारपीट की और जमकर तोड़फोड़ भी की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हमले के दौरान कार्यालय में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई थी। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## फिल्म अभिनेता चंद्रचूड़ बोले- पैतृक संपत्ति बेचने की हो रही साजिश

एनएनआई

**अलीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह के परिवार में पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो गया है। अभिनेता ने सोमवार को अपने जलालपुर स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर पैतृक संपत्ति को बेचने का आरोप लगाया। साथ ही एसएसपी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। चंद्रचूड़ जलालपुर रियासत से ताल्कुल रखते हैं और उनके पिता कैप्टन बल्देव सिंह देहरादून में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सहपाठी रहे हैं। साथ ही विधायक भी रहे। फिल्म अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह ने सोमवार को सुबह अपनी मां और दो भाइयों के साथ एसएसपी से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत में कहा कि उनकी संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद जलालपुर हवेली पर चंद्रचूड़ सिंह ने मीडिया को बताया कि उनके पिता कैप्टन बलदेव सिंह सेना में सेवाएं देने के साथ-साथ अलीगढ़ शहर के विधायक भी रहे हैं। वह जब छुट्टी में घर आते थे तो खुद ट्रैक्टर चलाकर खेती किया करते थे। अभिनेता ने कहा कि ऐसे परिश्रमी और ईमानदार पिता की विरासत को वह किसी भी साजिश का शिकार नहीं होने देंगे, उनकी मां कृष्णा कुमारी देवी के पिता ओडिशा के महाराज थे। इसलिए उनका यहां बार-बार आना-जाना लगा



रहता है। जड़ों से वह जुड़े हुए हैं और पैतृक संपत्ति को साजिश का शिकार नहीं होने देंगे। इसके लिए वह कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। अभिनेता चंद्रचूड़ के एसएसपी से मुलाकात करने के कुछ देर बाद अभिनेता की चाची भी एसएसपी के पास पहुंच गई। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ अपनी पहुंच के चलते उन्हें संपत्ति से बेदखल करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर कुनबे की संपत्ति को बेचने की कोशिश कर रहे हैं। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि दोनों पक्षों से शिकायतें ले ली गई हैं। इस मामले में सीओ को जांच सौंप दी है। बॉलीवुड अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह एक बार फिर बड़े अंदाज में ओटीटी पर वापसी करने जा रहे हैं। वर्ष 2026 में रिलीज होने वाली वेब सीरीज ताज में वह खलनायक की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि इस सीरीज की शूटिंग राजस्थान के किशनगढ़ और अजमेर की खूबसूरत जगहों पर की गई है। चंद्रचूड़ सिंह ने कहा कि वेब सीरीज की कहानी और प्रस्तुति इतनी मजबूत है कि यह दर्शकों को बेहद पसंद आएगी।



# बम की सूचना पर मची अफरा तफरी खाली कराया आईएसबीटी

एनएनआई

आगरा। आईएसबीटी बस स्टैंड पर बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया है। अलर्ट मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंच गया। यात्रियों को बस स्टैंड से बाहर निकालकर परिसर खाली कराया गया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया। आनन फानन में पुलिस ने बस स्टैंड को खाली करा सुरक्षा घेरे में ले लिया। एक घंटे की चेकिंग के बाद संदिग्ध कुछ नहीं मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। दरअसल एटा डिपो की अनुबंधित बस में दो दिन से एक पार्सल रखा था। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बस में एक बॉक्स रखा है, जिसमें एम्युनिशन (पार्टी क्रैकर्स) है। उसके साथ एक आइस बॉक्स भी मिला है। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि आगरा पुलिस के पीआरवी पर सोमवार रात 8.45 बजे सूचना मिली कि आईएसबीटी बस स्टैंड पर बस से दो संदिग्ध बॉक्स उतारे गए हैं। इन बॉक्स के साथ बर्फ का डिब्बा भी है और बॉक्स से तार निकल रहे हैं। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स आईएसबीटी पहुंच गया। एनाउंसमेंट कर कुछ ही देर में आईएसबीटी को खाली कर दिया गया। 100 मीटर के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश रोक दिया गया।



डीसीपी सिटी ने बताया कि आईएसबीटी को खाली कराया गया। डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल स्क्वायड ने जांच की। बॉक्स में शादियों में आतिशबाजी के लिए इस्तेमाल होने वाला फायर वर्क मिला है, यह पता लगाया जा रहा है कि यह किसने मंगाया था कोई साजिश तो नहीं थी।

# पसलियां टूटने और फेफड़े फटने से हुई छात्रों की मौत

- मेडिकल छात्रों की मौत का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा
- हादसे में मेडिकल छात्रों के जख्म देख खड़े हो गए रोंगटे

एनएनआई

आगरा। हाईवे पर आईएसबीटी के समीप एमबीबीएस के छात्र सिद्ध और तनिष्क की मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह साफ हो गयी। दोनों की पसलियां टूट गईं और फेफड़े भी फट गए थे। उनके शरीर से अत्यधिक खून भी बह गया था।

हरीपर्वत थाना प्रभारी के मुताबिक, तनिष्क और सिद्ध के शरीर पर पांच जगह चोट के निशान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आए हैं। तनिष्क के माथे के बीच में चोट थी। उसका सिर टकराया था। हालांकि इससे मौत नहीं हो सकती। ठोढ़ी पर भी डिवाइडर से घिसटने से चोट लगी। उनकी बाईं तरफ छाती की कई पसलियां टूट गईं। पसलियां घुसने की वजह से फेफड़े फट गए। उनके दोनों पैर के घुटनों में भी सड़क पर घिसटने से चोट लगी। इसी तरह सिद्ध की कई पसलियों में फ्रैक्चर हुआ। उनकी भी ठोड़ी, घुटनों पर चोट लगी। मौत का कारण पसलियां टूटने के बाद फेफड़े में घुस जाने की वजह से अत्यधिक रक्त बहना है।

सिद्ध के पिता राजेश अग्रवाल ने पुलिस के एक घंटे देरी से पहुंचने का आरोप लगाया था। कहा था कि अगर समय रहते इलाज मिल जाता तो दोनों की जान बच जाती। राहगीरों ने भी मदद नहीं की। सहपाठी छात्र पहुंचे, तब दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के देर से पहुंचने का मामला अधिकारियों के पास पहुंचा। इस पर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सूचना मिलने पर 5 मिनट बाद ही पुलिस पहुंच गई थी। इसके बाद छात्रों को अस्पताल ले जाया गया।

रविवार शाम कमलानगर कर्मयोगी एंक्लेव के रहने वाले एसएन मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र सिद्ध गर्ग और उनके सहपाठी हरदोई की आवास विकास कॉलोनी के तनिष्क गुप्ता की बाइक आईएसबीटी के निकट डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में दोनों की इलाज के लिए जाते समय मृत्यु हो गई थी। परिवार के निवेदन पर देर रात ही पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया था।

# मजदूर पति ने मजबूर पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला

- आगरा कैंट स्टेशन के समीप फुटपाथ पर हुई घटना
- पांच साल का मासूम बेटा मां को बचाने को रोता रहा

आगरा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैंट स्टेशन के पास पति ने अपने 5 साल के बेटे के सामने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बेटा मां को बचाने को रोता रहा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एसीपी सदर इमरान अहमद ने बताया कि कैंट स्टेशन के पास फुटपाथ पर झोपड़ी बनाकर गुड्डू अपनी पत्नी ललिता और 5 साल के बेटे आकाश के साथ रहता था। सोमवार रात गुड्डू अपनी पत्नी ललिता के साथ मारपीट कर रहा था। उसने पत्नी को बुरी तरह पीटा। बेटा मां को बचाने के लिए रोता रहा, लेकिन पिता नहीं रुका ।



उसने पत्नी को मारते-मारते लहूलुहान कर दिया। लोगों की भीड़ लग गई। महिला को बचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से उसे एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गुड्डू जबलपुर का रहने वाला है। वो मजदूरी करता है।

## एत्माउद्दौला में चिकित्सक से लूट निकली फर्जी

आगरा। एत्माउद्दौला क्षेत्र में चिकित्सक के साथ लूट की घटना फर्जी निकली है। जांच में सामने आया है पुलिस को चिकित्सक ने भ्रमित किया था। गाड़ी टकराने के विवाद को चिकित्सक ने लूट का रूप दे दिया। डॉ. प्रेमराज सिंह पुत्र श्री राम कला सिंह ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह आकाश हॉस्पिटल टीवाईसी फेस-2 की ओर से फिरोजाबाद की ओर रॉन्ग साइड अपनी कार हौंडा सिटी से जा रहे थे। बदमाशों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर उनकी चेन लूट ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि डॉ. प्रेमराज जब अपनी गाड़ी से आ रहे थे तभी सामने से आ रही टाटा पंच कार चालक ने सैयद कट पर उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। उसके बाद टाटा पंच के चालक अमित पाराशर पुत्र राजपाल निवासी समाई एत्मादपुर डॉ. प्रेमराज की गाड़ी के पास पहुंचे और कार का शीशा नीचे करने को कहा।

# यमुना पार में बन रहा था नकली खाद्य तेल

- पुलिस ने ब्रांडेड कंपनी के नाम पर 85 किलो नकली खाद्य तेल किया बरामद
- मौके से एक आरोपी गिरफ्तार, माल के सैंपल जांच को भेजे गए

एनएनआई

आगरा। यमुना पार के कालिंदी विहार स्थित कृष्णा कान्हा रेजीडेंसी में पुलिस ने छापा मारकर तपन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम से बेचा जा रहा 85 किलो नकली खाद्य तेल बरामद किया। पुलिस ने मौके से आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद तेल के नमूने जांच को भेजे जाएंगे। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि कंपनी की ओर से शिकायत मिली थी कि बाजार में उनके ब्रांड के नकली तेल की बिक्री हो रही है। इस पर पुलिस टीम ने बताए गए पते पर दबिश दी। घर की तलाशी में मुरली दीप गोल्ड और बालाजी दीप गोल्ड नाम के पैकेट मिले। इनमें मुरली दीप ब्रांड के 98 पैकेट (500 ग्राम) और बालाजी दीप गोल्ड के 36 पैकेट (1 किलो) बरामद हुए। पैकिंग का सामान भी मिला, जिसे सील कर नमूने लिए गए। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी जुगेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि उनकी कंपनी के नाम पर नकली तेल बनाए जाने की जानकारी उन्हें एक माह पहले मिली थी। अपने स्तर पर जांच कर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पूछताछ में आरोपी मनोज ने खुलासा किया कि वह मथुरा से 100 रुपये किलो के भाव पर कच्चा माल खरीदता था। इसके बाद उन्हीं नामों से पैकेट बनाकर दुकानदारों को सप्लाई करता था। फोन पर ऑर्डर लेकर दुपहिया वाहन से डिलीवरी करता था। वह 150 से 200 रुपये किलो तक बेचता था। जबकि दुकानदार इसे 400 रुपये किलो तक में ग्राहकों को बेचते थे। पुलिस का कहना है कि सप्लाई चेन और अन्य जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।



NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

मंगलवार, 02 दिसम्बर, 2025



# अवैध मिट्टी खनन रोकने में प्रशासन 'बौना'

● खंदौली में पुलिस पर पथराव, डंपर, जेसीबी संग कई लोग हिरासत में









एनएनआई

**एत्मादपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन रोकने में प्रशासन 'बौना' साबित हो रहा है। खनन माफिया के हथकंडों के आगे प्रशासन की रोकथाम की प्रक्रिया महज कागजी साबित हो रही है। सीधे-साधे किसानों के नाम से घरेलू लघु खनन की अनुमति प्राप्त करने के बाद उसकी आड़ में गठजोड़ की गदद से बाबा की सरकार की आंखों में धूल झोंक मिट्टी बेचने वाले इन शातिरों के तहसील कार्यालय में जमा दस्तावेजी शपथ पत्र भी झूठ का पुलिंदा साबित हो रहे हैं। लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की मेहरबानी से मिलने वाली घरेलू खनन की अनुमति में स्पष्ट लिखा रहता है कि जेसीबी और पोकलेन मशीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। लेकिन फिर भी क्षेत्र में इन मशीनों का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। बीती रात खंदौली थाना क्षेत्र में पुलिस के अवैध खनन होने की सूचना पर छापा मारने पर माफिया और उसके गुर्गों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने यहां से डंपर, जेसीबी मशीन जब्त कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। थाना एत्मादपुर क्षेत्र के ग्राम धौर्रा और गदपुरा क्षेत्र में मिट्टी खनन का कार्य बेखौफ चल रहा है। यहां सुबह-शाम मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों से विभिन्न स्थानों पर बेची जा रही है। खनन करने वाले आरोपी के मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली छलेसर चौकी पुलिस पूर्व में भी पकड़ चुकी है। इधर बीती रात को क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन होने की सूचना पर पहुंची थाना खंदौली पुलिस को देखकर माफिया ने अपने लठैतों के साथ बौखलाहट में दुस्साहस दिखाते हुए पथराव कर दिया। पुलिस को यहां एक किसान यूनियन नामक संगठन का स्टीकर पट्टी लगी स्कार्पियो में बैठे लोग निगरानी करते मिले। काफी दूर तक खेतों में पैदल चलने के बाद पहुंची पुलिस ने पथराव का सामना करने के बावजूद दबंग माफिया के डंपर, जेसीबी के साथ कई लोगों को दबोच लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीएम शिकायत पर कराई खनन की जांच

बरहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमालनगर भैंस निवासी किसान अशोक कुमार यादव ने क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिए शिकायत करने के बाद भी सुनवाई न होने पर बीते मंगलवार को तहसील घेराव की अनुमति के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने प्रार्थना पत्र के आधार पर ग्राम अमानाबाद क्षेत्र के लेखपाल को स्थलीय जांच करने को भेजा। जांच में शिकायत सही पाई गई। लेखपाल ने जांच आख्या में बताया कि अवैध मिट्टी खनन की बात कही है। ठेकेदार मांगने पर भी खनन संबंधी अनुमति नहीं दिखा सका। उपजाऊ खेत में घरेलू खनन के तयशुदा सरकारी नियमों के विपरीत चार फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है।

## धरती की कोख हो रही बांझपन की शिकार

मिट्टी खनन माफिया के गोरखधंधे से तहसील क्षेत्र में इस समय धरती माता की कोख लगातार बांझपन शिकार हो रही है। उपजाऊ भूमि निरंतर उर्वरा शक्ति को रही है। एक कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक बताते हैं कि खेत में उपजाऊ मिट्टी दस इंच से एक फुट तक होती है। उस के बाद मिट्टी की गुणवत्ता उपजाऊ नहीं रहती। ऊपरी मिट्टी की उर्वरा शक्ति ही अन्न उत्पादन करने के तत्वों से भरपूर होती है।



# लापरवाह ठेकेदार पर नगर निगम ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

● नाला निर्माण के दौरान ढहे शोरूम की नुकसान की भरपाई के भी निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** यमुनापार स्थित टेढ़ी बगिया से कालिंदी विहार के बीच 100 फुटा रोड पर नाला निर्माण के दौरान लापरवाही ठेकेदार पर भारी पड़ गई। फर्नीचर शोरूम की दीवार गिरने के मामले में नगर निगम ने ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही व्यापारी को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के निर्देश भी दिए।

रविवार दोपहर निर्माण कार्य के दौरान अचानक एक फर्नीचर शोरूम का आगे का हिस्सा भरभराकर ढह गया। हादसे के वक्त कर्मचारी जुबैर शटर बंद कर रहा था, जो नाले में गिरते-गिरते बचा। हादसे में शोरूम में रखा कांच, लाइटिंग, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, ऑफिस कुर्सी, सोफा और अन्य सामान नाले में समा गया। शोरूम मालिक पवन बघेल ने घटना की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और थाने में दर्ज कराई थी। पीड़ित ने 9 से 10 लाख रुपये के नुकसान होने का दावा किया है। घटना के बाद नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने जांच के आदेश दिए थे। अभियंताओं की रिपोर्ट के आधार पर निगम ने ठेकेदार को जिम्मेदार मानते हुए जुमार्ना लगाया है। नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराए जाने की मांग की है।?

## ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

14 नवंबर को ओम वाटिका के पास बिल्डिंग मटेरियल की दुकान खुदाई के दौरान नाले में ढह गई थी। दुकानदार बिजेंद्र चौधरी ने करीब चार लाख रुपये का नुकसान बताया था।

17 नवंबर की रात ट्रांस यमुना थाने के समीप अमरदीप ढाबा का अगला हिस्सा भी अचानक ढह गया। गनीमत रही कि अंदर मौजूद कारीगर और संचालक का भाई सुरक्षित बाहर निकल आए। इसके बाद भी ठेकेदार सबक नहीं ले रहा।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

# एसजीएसटी ने पकड़ी एक और बोगस फर्म

एनएनआई

**आगरा।** शहर में नकली दवाएं, नकली पनीर, मक्खन, दूध- दही, नकली मसाले से लेकर फर्मे तक फर्जी बनाई जा रही हैं। पिछले दिनों राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अधिकारियों ने फर्जी फर्मों का खुलासा किया था। अब विभाग ने एक और बोगस फर्म पकड़ी है। विभाग एक नवंबर से अब तक 21 बोगस फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई कर चुका है।विभागीय जांच में अस्तित्वहीन पाई गई एक फर्म ने बिना वास्तविक खरीद के कागजों में 71.79 करोड़ रुपये की बाह्य आपूर्ति दिखाकर 13.05 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास ऑन किया। सीजीएसटी में पंजीकृत फर्म का पंजीकरण पहले ही निरस्त कर दिया गया था। एसजीएसटी विभाग ने फर्म के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर धोखाधड़ी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसजीएसटी के खंड चार में तैनात राज्य कर अधिकारी अमित कुमार की तहरीर पर लोहामंडी थाना में सीजीएसटी में पंजीकृत फर्म मैसर्स जगदीश जी ट्रेडर्स के स्वामी जगदीश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।विभाग ने ऑनलाइन जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के अनुसार फर्म के अभिलेखों की समीक्षा की थी। इसमें पाया गया कि फर्म ने 16 जुलाई को जीएसटी नंबर प्राप्त किया। ऑनलाइन आवेदन पत्र में फर्म का पता गौतम नगर, आगरा बताया गया। बैंक का पता उन्नाव में सरदोही नगर नागेश्वर रोड बीघापुर हसनगंज दिखाया गया। सीजीएसटी द्वारा 21 जुलाई को ही फर्म का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया था। एसजीएसटी ने 16 अक्टूबर को फर्म की जांच की। घोषित पते के साथ ही आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इसमें फर्म व स्वामी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। फार्म में दशार्या गया एक मोबाइल नंबर उपयोग में नहीं था और दूसरे नंबर पर काल रिसीव नहीं हुई।जगदीश ने फर्म का पंजीयन सुनियोजित तरीके से आईटीसी का अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए किया है। इसके लिए उसने नगर निगम के कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग करते हुए पंजीयन कराया था।

# मेयर के निरीक्षण में विकास कार्यों की खुली पोल

एनएनआई

**आगरा** । नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर फिर बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है। मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह के निरीक्षण में विकास कार्यों की पोल खुल गई। हकीकत में सड़क की मरम्मत हुई नहीं, फाइल में काम पूरा दिखा दिया। इस पर मेयर भड़क गईं। उन्होंने जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं, कई जगह विकास कार्य अधूरे मिले नगर निगम के सदन में पार्षदों द्वारा सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी को लेकर हंगामा करने और निगम अधिकारियों द्वारा उक्त प्रकरण की जांच कमेटी न बनाने पर, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह सोमवार को खुद नगर निगम की टीम को लेकर पहुंच गईं। पार्षद प्रवीना राजावत, पार्षद रवि करोतिया व पार्षद वीरेंद्र लोधी भी मौके पर पहुंच गए। महापौर ने हेमा पेट्रोल पंप से लेकर पश्चिमपुरी चौराहे तक बनाई गई सड़क का गहन निरीक्षण किया। पार्षदों ने भी निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही को महापौर को दिखाया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी नगर निगम द्वारा किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान महापौर ने क्षेत्रीय जनता से भी संवाद किया और नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का फीडबैक प्राप्त किया। महापौर ने पाया कि नाला निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। जगह-जगह पर नाले टूटे हुए हैं, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। इसके साथ ही सड़क के किनारों पर की गई इंटरलॉकिंग भी ठीक से नहीं की गई है, कुछ स्थानों को छोड़ दिया गया है। महापौर ने जब स्थानीय लोगों व दुकानदारों से बात की तो उन्होंने कहा कि इस सड़क पर डामरीकरण (ब्लैक टापिंग) का कार्य भी नहीं किया गया है, जबकि फाइलों में इस कार्य को पूर्ण किया हुआ दर्शाया गया है। यह देख और सुनकर महापौर निगम के अधिकारियों पर शख्त हो गईं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता अरविंद श्रीवास्तव से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि निगम की टीम यह कैसा विकास कार्य कर रही है, क्षेत्रीय जनता परेशान हो रही है और निगम के अधिकारी और ठेकेदार जनता के पैसे का बंदर बांट करने में लगे हुए हैं। महापौर ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में किसी बड़े भ्रष्टाचार की साजिश नजर आ रही है। महापौर ने कहा कि अब तो पूरे शहर में नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करना होगा और वह खुद क्षेत्र की जनता से पूछेंगी कि उनके क्षेत्र में किए गए विकास कार्य से वह संतुष्ट हैं या नहीं।महापौर ने आसपास के क्षेत्रों में जाकर भी नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत की।

पूरे दौरे के बाद महापौर ने कहा कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि इस पूरे प्रकरण में करोड़ों रुपये की गड़बड़ी की आशंका प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप भ्रष्टाचार के किसी भी मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।महापौर ने मौके पर मौजूद और अधिशासी अभियंता अरविंद श्रीवास्तव से स्थलीय निरीक्षण के आधार पर दो दिन के अंदर रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने और उक्त विकास कार्यों की फाइलों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हुआ जागरूकता व्याख्यान




एनएनआई

**आगरा।** सोमवार को डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस वैश्विक दिवस का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करना, सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करना तथा समाज में समानता और संवेदनशीलता का वातावरण बनाना है। कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान डॉ. देशेश जादोन (आरबीएस कॉलेज) द्वारा दिया गया। उन्होंने एचआईवी/एड्स की वर्तमान चुनौतियों, सुरक्षित व्यवहार, रोकथाम के आधुनिक उपायों और समय-समय पर जांच की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में जैव-प्रौद्योगिकी और चिकित्सकीय अनुसंधान तेजी से प्रगति कर रहे हैं, वहाँ उपचार एवं रोकथाम की आधुनिक तकनीकें—जैसे एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी, प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस तथा नये शोध—लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रहे हैं। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण में आयोजित हुआ, जिसके संयोजक प्रो. आर. के. अग्निहोत्री रहे। आयोजन सचिव डॉ. मोनिका अवस्थी और डॉ. प्रमोद कुमार ने विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम समानता, जागरूकता और कार्यवाही पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स से सम्बंधित कलंक और भेदभाव को समाप्त करना आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नियमित जांच, उचित चिकित्सा, परामर्श, और निरंतर जागरूकता ही एड्स नियंत्रण की सबसे प्रभावी रणनीतियाँ हैं।कार्यक्रम में सुरक्षा महाजन, उदीता तिवारी, नीलू सिन्हा, अंकुर गुप्ता, ऋतुराज सिंह, और मोनिका यादव सहित विभाग के शिक्षकों और शोधार्थियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# जागरुकता परेड निकालकर किया एचआईवी पर सशक्त प्रहार

एनएनआई

**आगरा।** विश्व एड्स रोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरूण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जागरुकता कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर एक वृहद स्तर पर परेड निकाली गई। परेड को जिला क्षय रोग एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी डा. सुखेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

परेड में एएनम प्रशिक्षु छात्राऐं, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. इकाईयों के स्वयं सेवकों, समस्त आईसीटीसी/पीपीसीटीसी काउंसलर, एएसके, एसटीआई, सोसाइटी से सम्बद्ध एनजीओ प्रतिनिधि जन चेतना सेवा समिति, पंचशील वेलफेयर सोसाइटी, आगरा पाजिटिव वेलफेयर सोसाइटी, चेतना सोसाइटी के दो सौ से ज्यादा प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




सीएमओ डा. अरूण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 01 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम है "बाधाएँ दरकिनार, एच.आई.वी. पर सशक्त प्रहार"। यह दिवस एड्स (एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम) के बारे में जागरुकता फैलाने और एड्स पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व एड्स दिवस का उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एड्स पीड़ित लोगों के अधिकारों की रक्षा करना और एड्स के खिलाफ लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। सीएमओ ने बताया कि प्रत्येक एचआईवी मरीज को 06 माह तक टीबी से बचाव की दवा खाना अनिवार्य है। यह इसलिए है क्योंकि एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी होने का खतरा अधिक होता है। टीबी एक गंभीर संक्रमण है जो फेफड़ों को प्रभावित करता है और अगर इसका इलाज नहीं किया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी का खतरा अधिक होने के कई कारण हैं।

## बाबा श्याम की भजन संध्या में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**आगरा।** शहर के कालिंदी विहार में आयोजित बाबा श्याम की भजन संध्या में सोमवार रात भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का आयोजन शिव वॉटर सप्लायर, कालिंदी विहार द्वारा किया गया। लगातार दो वर्षों से हो रहे इस धार्मिक आयोजन में इस बार भजन गायक अजब सिंह ने अपनी भक्ति-धुनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके सुरों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजनकर्ता प्रदीप वार्ष्णेय पुत्र विनोद कुमार वार्ष्णेय, निवासी कालिंदी विहार ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा से यह कार्यक्रम लगातार सफल हो रहा है और हर वर्ष भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी भजन संध्या और भंडारे की सराहना की तथा कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा व सद्भाव का वातावरण बनाते हैं।

# सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को भुगतान प्रपत्र किए प्रदान


एनएनआई

**आगरा।** गगन गोयल, मण्डल रेल प्रबंधक आगरा के दिशानिर्देशन एवं दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा की अध्यक्षता में आगरा मण्डल में सोमवार को सेवानिवृत्त होने वाले 14 रेल कर्मचारियों को समापन भुगतान प्रपत्र, सेवा प्रमाणपत्र व मेडल वितरण हेतु समापन समारोह का आयोजन मंडल कार्यालय आगरा के गोवर्धन सभागार में किया गया। आगरा मण्डल में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को के माध्यम से समापन भुगतान किया गया एवं सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को आन लाइन पेंशन पेमेंट आर्डर जारी किये गये। समारोह का उद्घाटन दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा के द्वारा अपने उद्घाटन भाषण से किया गया एवं उनके द्वारा सभी सेवानिवृत होने वाले




कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्ति पर देय सेवा प्रमाण पत्र, पेंशन पेमेंट आर्डर एवं मेडल वितरण करने के उपरान्त दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी आगरा के द्वारा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को भारतीय रेल में उनकी लम्बी अवधि की सफलतम सेवा के लिये बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को विदाई देते हुए उनको एवं उनके परिवारों के सुखद व मंगलमय भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त भी वे रेल परिवार का हिस्सा रहेंगे। उक्त समारोह में समापन अनुभाग के सभी सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# साईं चरण पादुका दर्शन के दिव्य दर्शन की ओर बढ़े कदम



एनएनआई

**आगरा।** 2018 के बाद आगरा एक बार फिर साक्षी बनेगा शिर्डी के साईं बाबा के चरण पादुकाओं के दर्शन का। 9 और 10 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे इस पावन कार्यक्रम की रूपरेखा आमंत्रण पत्र के विमोचन के साथ साझा की गई।

- **श्री साईं चरण पादुका समिति 2025 द्वारा आगरा में किया जा पावन दर्शन का आयोजन**

श्री साईं चरण पादुका समिति 2025 के सदस्यों द्वारा सोमवार को प्रतापपुरा स्थित द रमाना ग्रांड में आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने आगामी 9-10 दिसम्बर 2025 को होने वाले दो दिवसीय आयोजन को लेकर अपनी भावनाएँ और योजनाएँ व्यक्त कीं।

संयोजक अशोक रैना और अध्यक्ष नितिन कोहली ने कहा कि वर्ष 2018 में आगरा को साईं बाबा की चरण पादुका के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। अब 7 वर्ष बाद पुनः यह शुभ अवसर आगरा के भक्तों को प्राप्त होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था शिरडी द्वारा देश के विभिन्न शहरों में श्री साईं चरण पादुका दर्शनाथ भ्रमण के लिए लेकर जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिरडी से कुरुक्षेत्र होते हुए चरण पादुका 9 दिसंबर को आगरा में आएंगी। यहां यमुना एक्सप्रेसवे के अंतिम टोल से हम सड़क मार्ग के माध्यम से चरण पादुका वॉटर वर्क्स से बल्केश्वर चौराहे से होते हुए साईं धाम मंदिर कमला नगर से सीधे द रमाना ग्रांड लेकर आएंगे।

स्वागत अध्यक्ष राजेश गोयल और महामंत्री संजय सत्यदेव ने बताया कि 9 दिसंबर को चरण पादुका दर्शन के साथ-साथ रात्रि 11:00 तक भंडारा एवं साईं भजन संध्या होगी। चरण पादुकाओं का पूजन गुरुजी चंद्रभानु सतपथी जी के कर कमल द्वारा होगा। भजन संध्या में देश की प्रसिद्ध भजन गायिका निधि कोहली, मोहन शर्मा, पुनीत खुराना, हरीश बलेचा, जागृति कोहली की प्रस्तुति रहेगी। साईं बाबा की कृपा से समिति हर वर्ष सेवा, भक्ति और समाज हित के भाव से कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि सभी साईं भक्त हमारे लिए परिवार समान हैं और हम उन्हें इस पावन अनुष्ठान में सादर आमंत्रित करते हैं।

उपाध्यक्ष लटूरी सिंह और महिला विंग अध्यक्ष दीपा गुरनानी ने जानकारी दी की 10 दिसंबर को मंगला आरती प्रातः 7:00 बजे होगी और उसके बाद 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चरण पादुका के दर्शन भी रहेंगे। तत्पश्चात चरण पादुका आगरा से अन्य शहर की ओर रवाना हो जाएंगी। सुरक्षा प्रभारी सचिन मित्तल ने बताया कि शिरडी से ही प्रशासनिक अधिकारी चरण पादुकाओं की सुरक्षा हेतु आएंगे। उनके साथ संस्थान के अन्य सदस्य भी होंगे। आमंत्रण पत्र विमोचन के अवसर पर उपाध्यक्ष दीपक बत्रा, बॉबी अलग, रविंद्र पाल सिंह, राहुल शाक्य, दीपक चौबे, हार्दिक गोयल, रविंद्र लोहिया आदि उपस्थित रहे।

## गीता के उपदेशों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए: नीलम शर्मा

**आगरा।** साहित्य संगीत संगम के के तत्वाधान में गीता जयंती पर गीता और उसमे वर्णित संदेश पर विचार विमर्श हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को ग्रीन हाउस भोगीपुरा शाहगंज आगरा में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी नीलम शर्मा ने की। उन्होंने अध्यक्षता करते हुए कहा गीता एकमात्र ऐसी पुस्तक है जिसका पीढ़ियो से घरों में पाठ होता है।अब आवश्यकता इस बात की है कि उसके सही अर्थों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए।

विशिष्ट अतिथि अनन्या शर्मा ने कहा गीता को महात्मा गांधी ने अपना साथी बनाया था आज के जो लोकप्रिय लोकनायक हैं । उन्हें भी अपने संघर्षों को दूर करने के गीता में समाधान ढूंढना चाहिए। सुशील सरित ने गीता का विश्लेषण करते हुए कहा 18 अध्याय 700 श्लोकों की मधुपान है गीता आत्मा और परमात्मा का सनातनी संवाद है गीता। हरीश भदौरिया ने कहा गीता ज्ञान का अमृत है इसे पढ़ना ज्ञान योग है, डॉक्टर असीम आनंद ने गीता को प्रभु परमात्मा का प्रसाद बतलाया । इस अवसर पर , अनन्या शर्मा, निधि शर्मा, अक्षांश शर्मा, डॉ असीम आनंद,नीलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ आन्शवना सक्सेना डॉ रमेश आनंद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन करते हुए हैं चंद्रशेखर शर्मा ने कहा यह एकमात्र ग्रंथ है जिसका जन्मदिन पूरा विश्व मनाता है। सुशील सरित ने घोषणा की कि गीता के महत्वपूर्ण श्लोकों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण वो सोशल मीडिया पर यूट्यूब के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को प्रस्तुत करेंगे जो साइकोलॉजी आफ गीता के नाम से यूट्यूब पर उपलब्ध रहेगा।



# ललित कला संस्थान की रजत जयंती मनाई

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में सोमवार को संस्था के 25वें स्थापना दिवस (रजत जयंती) के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण में भव्य सांस्कृतिक उत्सव लालित्योत्सवः सर्वरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरातन छात्र कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. लवली शर्मा, कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खेरागढ़ (छत्तीसगढ़) रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में कला शिक्षा के महत्व, भारतीय कलाओं की वैश्विक पहचान और युवा कलाकारों की रचनात्मक ऊर्जा को सराहा। उन्होंने कहा कि ललित कला संस्थान ने न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे ब्रज क्षेत्र में कला को नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है। वह आगरा की हैं और उनकी प्रारंभिक शिक्षा आगरा विश्वविद्यालय से ही रही है। समारोह में संस्थान की आर्टिफिक्ट्स और कलाकृतियों की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ कुलपति द्वारा किया गया। कुलपति ने अपने संबोधन में बताया कि इस वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थी और कला प्रेमी अब संस्थान की विविध कलाकृतियों को डिजिटल रूप में आसानी से देख सकेंगे और खरीद भी सकेंगे। उन्होंने अर्न वाइल लर्न कांसेप्ट के अंतर्गत छात्रों को अपने रचनात्मक कार्यो को पेटेंट कर अपनी रचनाओं को नई पहचान देने के साथ उनसे आय बनाने के लिए भी प्रेरित किया। माननीय कुलपति जी सभी को रजत जयंती की हार्दिक बधाई दी तथा संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने संगीत, नृत्य, नाट्य और कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया।

## सेवा समिति ने निशान एवं पोशाक यात्रा निकाली

**आगरा।** सोमवार एकादशी के उपलक्ष में आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति रजि०, एवम पोशाक सेवा समिति आगरा के द्वारा निशान एवं पोशाक यात्रा श्री लक्ष्मी जी के मंदिर बल्केश्वर से श्री खाटू श्याम जी मंदिर जीवनी मंडी आगरा तक निकाली गयी। जिसमे 101 श्री खाटू श्याम जी के निशान प्रेमी साथ लेकर बाबा के मीठे मीठे भजनों के साथ बहुत ही आनंद के साथ यात्रा में शामिल हुए। साथ ही अग्रवन गौ शाला वाटर वाटर्स पर गौ माता की सेवा की गयी। जिसमें आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति रजि०, आगरा एवं आगरा नरेश श्याम भक्त पोशाक सेवा समिति, आगरा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# दिव्य छप्पन भोग महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** धर्म, भक्ति और परंपराओं की अविरल धारा से ओतप्रोत माहौल में श्री गिरिराज जी सेवा मंडल परिवाररू, आगरा ने आगामी दिव्य छप्पन भोग महोत्सव 2025 की औपचारिक शुरूआत कर दी। वाटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में आमंत्रण पत्रिका के भव्य विमोचन के साथ जैसे पूरा परिसर गिरिराज महाराज की कृपा से आलोकित हो उठा।

संस्थापक नितेश अग्रवाल, सह संस्थापक मयंक अग्रवाल, संरक्षक कपिल नागर, वीरेंद्र सिंघल और विजय अग्रवाल, अध्यक्ष अजय सिंघल, महामंत्री विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल बंसल, संयोजक पुनीत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनोज गुप्ता और बालमुकुंद ने गिरिराज जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संस्थापक नितेश अग्रवाल ने कहा कि गिरिराज महाराज की सेवा हमारा सौभाग्य है। इस वर्ष महोत्सव में भक्तों को दिव्य, अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव देने की पूरी तैयारी की गई है। चलते हुए बादलों के मध्य स्वर्ण हंसरथ पर विराजमान श्री गिरिराज धरण के दर्शन कर हर भक्त स्वयं को तीनों लोकों की कृपा प्राप्त करता महसूस करेगा। हमारी कामना है कि यह आयोजन भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का संदेश जनझजन तक पहुँचाए। सहसंस्थापक मयंक अग्रवाल ने कहा कि सेवा मंडल

- **आगरा से गोवर्धन तक बहेगी श्री कृष्ण की भक्ति की अविरल धारा**
- **स्वर्ण हंस रथ पर विराजमान होंगे ठाकुर जी, 20 फुट ऊंचा होगा रथ**



परिवार पूरे मन, भाव और निष्ठा के साथ महोत्सव की तैयारी में जुटा है। चाहे दर्शन व्यवस्था हो, छप्पन भोग की सज्जा, साधु सेवा, फूल बंगला या महाप्रसाद–हर व्यवस्था भक्तों की सुविधा और गरिमा को ध्यान में रखकर की जा रही है। हमारे लिए यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि परम कृपा का अवसर है। अध्यक्ष अजय सिंघल ने कहा कि छप्पन भोग महोत्सव हमारी संस्कृति और भक्ति का धरोहर उत्सव है। यह केवल गिरिराज महाराज की आराधना नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भक्ति के अनुशासन और सेवा की संस्कृति को भी जीवंत रखता है। हजारों भक्तों को एक ही भाव में जोड़ना ही इस महोत्सव की सबसे बड़ी शक्ति है।

संरक्षक कपिल नागर ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम पूरे 7 दिनों तक भक्ति, संस्कृति और दिव्यता का अद्भुत संगम होंगे। 8 दिसंबर को वाटर वर्क्स स्थित गौशाला में छप्पन भोग एवं गौझपूजन, 17 दिसंबर को भव्य आमंत्रण यात्रा निकलेगी।

रावतपाड़ा तिराहा से राम बरात मार्ग तक विशाल आमंत्रण यात्रा निकलेगी जिसमें झांकियाँ, भजन मंडलियाँ, ध्वज-वाहक और भक्त समुदाय की सहभागिता होगी। आमंत्रण पत्रिका विमोचन के अवसर पर पार्षद मुरारी लाल गोयल, कुलभूषण गुप्ता राम भाई, संतोष मित्तल, राजेंद्र अग्रवाल, विकास जैन, मयंक जैन आदि भी उपस्थित रहे।

# फतेहपुर सीकरी विधायक खेल स्पर्धा का आज से शुभारम्भ

## • प्रतियोगिता से पहले विधायक ने परखी तैयारियां, दिये विद्युत अभियन्ता को केबिल ठीक करने के निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** खेल प्रतिभाओं को बड़ा-सा देने के लिए तथा उनकी तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा कराई जारही विधायक खेल स्पर्धा को लेकर सोमवार को किरावली के मिनी ग्रामीण स्टेडियम किरावली में मंगलवार से आयोजित की जारही विधायक खेल स्पर्धा के लिए सोमवार को विधायक चौधरी बाबूलाल ने अधिकारियों के साथ जाकर खेल मैदान का जायजा लिया।इस दौरान विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि फील्ड में पड़ी जमीन पर विधुत केबल को ठीक करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता सुभाष चन्द को दिये साथ सही तैयारी पूरी करने को कहा तथा फील्ड में अच्छी तरह सफाई,एवं मैदान को समतल करने उसपर जेसीबी से साफ सफाई कराने के निर्देश दिये। जिला युवा कल्याण अधिकारी बिजेंद्र सिंह को पूरा व्यवस्था करने को कह दिया।साथ ही उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा विधुत को खेल स्पर्धा के दौरान विधुत आपूर्ति सुचारू रखने को प्रातः 10बजे से शायं 05 बजे तक दोनों दिन मंगलवार एवं बुधवार को सुचारू रूप से रखने को कहा, जिला युवा कल्याण अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा में पांच खेल स्पर्धा होगी जिनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, बालीवाल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग आदि खेल स्पर्धा होगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 252खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन हो गया है उम्मीद है कि उक्त विधायक खेल स्पर्धा में 400के लगभग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे ,इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डाक्टर रामेश्वर सिंह चौधरी, तहसीलदार किरावली दीपांकर, जिला विधालय



निरीक्षक चन्द्रशेखर, जिला युवा कल्याण अधिकारी बिजेंद्र सिंह, सीएचसी किरावली अधीक्षक डा, राघवेन्द्र सिंह, , अधिशासी अभियन्ता सुभाष चन्द, उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा,थाना प्रभारी किरावली नीरज कुमार, सत्य भानसिंह लिपिक, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि अरेरा, चंद्रप्रकाश शर्मा, रामनरेश इंदौलिया, गीतम सिंह सभासद, शिवराज सिंह प्रधान,आदि लोग साथ रहे।



# मांगों को लेकर अकोला विकास खण्ड पर दिया धरना

एनएनआई

**अकोला।** विकास खंड पर सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रांतीय ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी संगठन के आह्वान पर इन अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चाहर ने बताया कि यह धरना प्रदर्शन ऑनलाइन उपस्थिति और दूसरे विभागों के अतिरिक्त कार्य कराए जाने के विरोध में किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मुख्य मांगें इन्हीं मुद्दों से संबंधित हैं। चाहर ने आगे बताया कि प्रांतीय संगठन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक ब्लॉक मुख्यालयों पर यह धरना और प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो प्रदेश स्तर पर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय सिंह फौजदार, एडीओ आईएसबी रविंद्र कुमार, संगठन के महामंत्री हरवीर सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव धाकड़, महेश चौधरी, राकेश परिहार और राजेंद्र सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# इरादतनगर पुलिस और ईमानदार ऑटो चालक बने हीरो

## • महिला का 16,000 व गहनों से भरा पर्स सुरक्षित लौटाया

एनएनआई

आगरा। इरादतनगर में सोमवार शाम पुलिस और एक ईमानदार ऑटो चालक ने इंसानियत और फुर्ती की मिसाल कायम की। लुहेटा मोड़ पर महिला का पर्स मिला, जिसमें ?16,000 नकद, सोने-चांदी के आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। ऑटो चालक ने तुरंत पर्स थाना में जमा करा दिया। थाना इरादतनगर की टीम–लट क्राइम धीरज सिंह चाहर और रक सौरभ राठी– सीसीटीवी फुटेज और सुरागों से महिला की पहचान कर ली। रात 9 बजे महिला और उसके पति को बुलाकर पर्स सुरक्षित सुपुर्द किया गया। महिला ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और चालक की ईमानदारी की खुले दिल से सराहना की। यह घटना दिखाती है कि आज भी ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी ही असली हीरो हैं।



## सीकरी में पानी बिक्री को लेकर हुए विवाद में 11 नामजद

**फतेहपुर सीकरी।** रविवार को सीकरी के गांव मंडी मिर्जा खां में पानी बिक्री को लेकर हुए जोतना और खेरा पक्ष के विवाद में सोमवार को सीकरी पुलिस ने एक पक्ष के 11 लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। बता दे कि मंडी मिर्जा खां के चौराहे पर पानी बिक्री को लेकर दो पक्षों आमने सामने आ गए जिसके बाद दोनों पक्षों मै जमकर लाठी डंडे चले घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। झगड़े में दोनों पक्षों के दो दो लोग घायल हुए थे। जिन्हें पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण हेतु अस्पताल भेजा था।

## अरनोटा चौराहे पर 6 माह से खराब पड़ी पानी की टंकी, राहगीर परेशान

**पिनाहट।** क्षेत्र के पिनाहट-अरनोटा चौराहे पर लगी 500 लीटर की पानी की टंकी पिछले करीब छह माह से खराब पड़ी है, जिसके कारण भीषण गर्मी में राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह पानी की टंकी लगभग एक वर्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया की निधि से स्थापित कराई गई थी। निर्माण के कुछ ही महीनों बाद यह खराब हो गई और पिछले छह महीने से निष्क्रिय पड़ी है। चौराहे से गुजरने वाले मुसाफिर, यात्री और बस का इंतजार करने वाले लोग प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि टंकी खराब होने की वजह से उन्हें और ग्राहकों को भी दूर से पानी लाना पड़ता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद इसे ठीक नहीं कराया गया है। इस मुख्य चौराहे पर पानी की व्यवस्था न होने से लोगों में रोष है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द खराब पड़ी पानी की टंकी को ठीक कराने की मांग की है।

## करब में लगी आग 350 बंडल जल कर खाक।

**बाह।** बिजौली में सोमवार की सुबह रास्ते के किनारे पर खेतों में रखी बाजरा की करब में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। आग बुझने तक करू पंडित के 150 एवं कल्यान के 200 बंडल जल कर खाक हो गये। समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो बस्ती और घरों तक आग फैल सकती थी। अज्ञात कारणों से लगी आग की बजह से ग्रामीण किसानों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण किसान खुद ही आग बुझाने में जुट गये।

# जगनेर ब्लॉक परिसर में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया विरोध

**खेरागढ़।** प्रदेश स्तर पर शुरू हुए चरणबद्ध आंदोलन के समर्थन में जगनेर ब्लॉक परिसर में आज ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा लगाए जा रहे गैर-विभागीय कार्यों का अतिरिक्त बोझ, अव्यवस्थित ऑनलाइन सिस्टम, तथा ऋ्रऋ ऑनलाइन उपस्थिति जैसे जटिल प्रावधानों के कारण उनका कार्य प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी जायज माँगों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक यह विरोध जारी रहेगा। काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए अधिकारियों ने प्रशासन को यह संदेश दिया कि फील्ड स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

**विरोध प्रदर्शन के दौरान**

योगेंद्र परमार, हँसकिशोर, भूपेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, सूरज मुख्य रूप से मौजूद रहे और उन्होंने अपनी मांगों को एक स्वर में उठाया। उन्होंने कहा कि बढ़ते गैर-विभागीय कार्य, तकनीकी दबाव और संसाधनों की कमी के कारण ग्राम पंचायत स्तर पर मूल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिसे लेकर प्रदेशभर के सचिव व ग्राम विकास अधिकारी लगातार आवाज उठा रहे हैं।




## जनसंपादकीय

# किसकी सलाह पर काम कर रहे हैं राहुल!

**कांग्रेस** पार्टी में जहां भी प्रादेशिक क्षत्रपों की सहमति से नियुक्ति हुई है वहां सब कुछ ठीक चल रहा है या ठीक चलता दिख रहा है। चुनाव तो पार्टी वहां भी नहीं जीत रही है लेकिन सार्वजनिक विवाद नहीं हो रहे हैं। जिन राज्यों में कांग्रेस का आधार खत्म हो गया है वहां भी किसी को पद देने पर कोई विवाद नहीं होता है। लेकिन जहां पार्टी का कुछ आधार है या पार्टी के पास अच्छे नेता हैं वहां मनमाने तरीके से हुई नियुक्तियों का विरोध हो रहा है।जहां सहमति से नियुक्ति हुई है, जैसे हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाने के बाद नरेंद्र यादव को अध्यक्ष बनाया गया तो सब ठीक है। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश में विनय कुमार को बनाया गया है तो प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सिंह सुक्खु दोनों खेमे संतुष्ट हैं। लेकिन महाराष्ट्र में हर्षवर्धन सपकाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का फैसला किसी के गले नहीं उतर रहा है। वहां कांग्रेस के पास दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनके पास अपना आधार है। उनमें से किसी को बनाने पर खींचतान चलती, गुटबाजी होती लेकिन पार्टी के पास एक आधार होता। पर सपकाल को बनाने के बाद कांग्रेस अपना आधार तेजी से खो रही है। ऐसे ही केरल में सन्नी जोसेफ को अध्यक्ष बनाने का फैसला भी कांग्रेस के ज्यादातर नेता हजम नहीं कर पाए। वहां भी कांग्रेस के पास मजबूत नेता हैं। महाराष्ट्र और केरल दोनों का फैसला राहुल गांधी की इन दिनों की कोर टीम, जिसे ह्वजय जगतह्न समूह कहा जा रहा है उसकी पसंद से हुआ है। हर्षवर्धन सपकाल को इस समूह में शामिल माना जाता है।जम्मू कश्मीर में तारिक हमीद कारा को अध्यक्ष बनाने के फैसले का भी भारी विरोध हुआ था।चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से हारी तो गुलाम अहमद मीर को विधायक दल का नेता बना दिया गया। झारखंड के प्रभारी रहते उन पर कई गड़बड़ियों के आरोप लगे थे। लेकिन पार्टी जीत गई तो उनको पश्चिम बंगाल का प्रभारी बना दिया गया। सबसे ज्यादा विरोध बिहार की नियुक्तियों का हो रहा है। चुनाव से पहले ही विरोध शुरू हो गया था लेकिन अब तो खुल कर पार्टी के नेता लड़ने लगे हैं। बिहार कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी नाराजगी जताई और टिकट बेचे जाने के आरोप लगाए। पार्टी के सबसे बड़े नेताओं में से एक डॉक्टर शकील अहमद खान ने पार्टी छोड़ दी। उससे पहले कांग्रेस का दलित चेहरा रहे अशोक राम जनता दल यू में चले गए। तारिक अनवर ने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई। वहां ह्वजय जगतह्न समूह के कृष्णा अल्लावरू को प्रभारी और राजेश राम को अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस ने बिहार में अब तक का दूसरा सबसे खराब और गठबंधन में रह कर सबसे खराब प्रदर्शन किया है।राहुल गांधी को सलाह दे रहे कथित ह्वजय जगतह्न समूह की इतनी चर्चा हो रही है तो यह सवाल उठता है कि राहुल गांधी के सलाहकारों की पुरानी टीम क्या कर रही है? राहुल की टीम के कई सारे सदस्य पार्टी छोड़ कर चले गए हैं और सोनिया गांधी की जो टीम थी उसमें से कोई भी बचा नहीं है। जो सक्रिय राजनीति में हैं उनका कोई मतलबन नहीं रह गया है।राहुल गांधी के पास नेताओं की एक टीम है। उन्होंने 2009 में मनमोहन सिह की सरकार दोबारा बनने पर जिन नेताओं को आगे बढ़ाया था और संगठन से लेकर सरकार तक में अहम जिम्मेदारी दिलाई थी उनमें से भले ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह, जितिन प्रसाद, मिलिंद देवड़ा जैसे कुछ नेता छोड़ कर चले गए हैं फिर भी बहुत सारे नेता कांग्रेस में हैं।उस समय राहुल गांधी के सामने बड़ी चुनौती थी। कांग्रेस की पुरानी टीम पूरी तरह से सक्रिय थी। प्रणब मुखर्जी से लेकर अहमद पटेल और पी चिदंबरम से कमलनाथ तक दर्जनों बड़े नेता या केंद्र में मंत्री थे या राज्यों में मुख्यमंत्री थे। फिर भी राहुल ने अपनी एक टीम बनाई थी। उसमें अजय माकन एक अहम नाम है, जो अभी पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं। रणदीप सुरजेवाला हैं, जो राज्यसभा सांसद और कर्नाटक के प्रभारी हैं। दीपेंद्र हुड्डा हैं, जो लोकसभा सांसद हैं। सचिन पायलट हैं, जो इन दिनों राहुल के ज्यादा ही करीब दिख रहे हैं। भंवर जितेंद्र सिंह हैं, जो असम के प्रभारी हैं। इनके अलावा भी हर राज्य में और दिल्ली में भी अनेक नेता हैं। फिर भी कांग्रेस के अंदर ह्वजय जगतह्न समूह की चर्चा हो रही है और कहा जा रहा है कि सारे फैसले इस समूह की ओर से किए जा रहे हैं। इस समूह का नेता सचिन राव को बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इसमें कृष्णा अल्लावरू, हर्षवर्धन सपकाल, मीनाक्षी नटराजन जैसे लोग हैं। सवाल है कि जब राहुल के सामने अनुभवी और भरोसेमंद नेताओं की टीम है तो फिर वे क्यों ऐसे नेताओं की सलाह से फैसले कर रहे हैं?

# शादियों के मौसम में हनीमून के लिए ये जगह हो सकती हैं आपके लिए बेस्ट







शादी का सीजन शुरू हो चुका है, और इस दौरान शादीशुदा जोड़े हनीमून के लिए एक बेहतरीन हिल स्टेशन की तलाश में रहते हैं। अगर आप भी अपने हनीमून की तैयारी कर रहे हैं, तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपके लिए सबसे बेहतरीन हिल स्टेशन कौन-कौन से हैं, जो आपकी शादी की खुशियों के पलों को जिंदगी भर के लिए यादगार बना देंगे। अगर आप भी हनीमून की तैयारी कर रहे हैं, तो सहारनपुर से मात्र 101 किलोमीटर दूर पहाड़ों की खूबसूरत वादियों में बसा मसूरी, जिसे पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है, हनीमून बनाने वालों की पहली पसंद रहता है। शादी के सीजन में देशभर से दूल्हा-दुल्हन हनीमून पैकेज पर यहां आते हैं और अपनी यादों को और भी खूबसूरत बनाते हैं। यदि आप भी अपनी यादों को खास बनाना चाहते हैं, तो हनीमून के लिए यह मसूरी हिल स्टेशन सबसे बेस्ट विकल्प है। यहां आपको सुहाना मौसम और घूमने के लिए खूबसूरत स्थान मिलते हैं, साथ ही दिसंबर में बर्फबारी का आनंद भी लिया जा सकता है। भारत में कई ऐसे लोकेशन हैं, जो हनीमून ट्रिप के लिए खास माने जाते हैं। इन जगहों पर आपको ठंडा मौसम मिलेगा और अधिक खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। ऐसे में आज हम आपको गर्मी में हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। हनीमून ट्रिप प्लान करने के लिए लोकेशन ढूंढना इतना आसान नहीं है। कम बजट में ट्रिप प्लान करने वाले लोगों को अच्छी लोकेशन के अलावा खर्चों का भी ध्यान रखना होता है। यही वजह है कि ट्रिप प्लान करने से पहले लोगों को लोकेशन पर बार-बार विचार करना पड़ता है। भारत में कई ऐसे लोकेशन हैं, जो हनीमून ट्रिप के लिए खास माने जाते हैं। इन जगहों पर आपको ठंडा मौसम मिलेगा और अधिक खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मी में हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप कम बजट में हनीमून ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

## लैंसडाउन और धनोल्टी

यह दोनों ऐसी जगहें हैं, जहां पर आपको पर्यटकों की ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। इसलिए हनीमून ट्रिप के लिए यह जगह आपको पसंद आएगी। इन दोनों जगहों पर ज्यादा पर्यटक नहीं होते हैं। इसलिए यहां पर आपको होटल्स भी सस्ते में मिल जाएंगे। यहां पर 4-5 दिन का ट्रिप सिर्फ 20 हजार में पूरा कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप अपने पार्टनर के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको यहां पर आना चाहिए।

## मसूरी

बता दें कि आप 20 हजार रुपए में मसूरी का 4 दिन का ट्रिप पूरा कर सकती हैं। अगर आप खर्चे का सही से ध्यान रखती हैं। क्योंकि लोकेशन खूबसूरत होने के साथ मौसम भी ठंडा रहता है। इस जगह की खासियत यह है कि आपको हर मौसम में यहां पर पर्यटकों की भीड़ देखने को मिल जाएगी। अगर आप कम बजट में किसी पहाड़ी जगह पर हनीमून ट्रिप प्लान करना चाहते हैं, जहां पर खर्च कम हो, तो आपको मसूरी आने का प्लान करना चाहिए।

## नैनीताल

नैनीताल, उत्तराखंड का एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां पर आपका अधिक खर्च नहीं होगा। इस जगह की खासियत यह है कि यह एक रोमांटिक हिल स्टेशन है। अगर आप कम बजटमें पहाड़ों, झीलों और शांत वातावरण में हनीमून मनाना चाहते हैं, तो आपको नैनीताल आना चाहिए। आप 20 हजार रुपए के अंदर यहां पर बिना सोचे-समझे ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'धुरंधर' की रिलीज पर रोक लगाने से किया इंकार

**इन** दिनों फिल्म 'धुरंधर' की काफी चर्चा है। फैंस रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और अक्षय खन्ना की अदाकारी वाली का इस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। रिलीज से पहले यह फिल्म विवादों में आ गई। दिवंगत मेजर मोहित शर्मा के परिवार ने फिल्म की रिलीज रोकने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब इस पर नया अपडेट सामने आया है। अशोक चक्र और सेना पदक विजेता मेजर शर्मा इंडियन आर्मी के 1 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) से जुड़े थे। 21 मार्च 2009 को जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा में वह एक ऑपरेशन के दौरान शहीद हो गए थे। शर्मा के माता-पिता ने अपनी याचिका में कहा था कि यह फिल्म अफसर की जिंदगी, अंडरकवर मिशन और शहादत से काफी मिलती-जुलती है। उनका दावा था कि मेकर्स ने उनकी असली जिंदगी के कई हिस्सों को दिखाने से पहले इंडियन आर्मी या परिवार से इजाजत नहीं ली थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान निर्माताओं की तरफ से पेश हुए एडवोकेट सौरभ किरपाल ने फिल्म और मेजर शर्मा की जिंदगी के बीच किसी भी तरह के कनेक्शन से इनकार किया। उन्होंने याचिका को 'गलतफहमी' बताया। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की तरफ से पेश सीजीएससी आशीष दीक्षित ने पुष्टि की कि फिल्म को फिक्शनल माना गया है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह स्पाई-एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भारतीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से किए गए गुप्त ऑपरेशन से प्रेरित बताई जाती है।





# 8 घण्टे की शिफ्ट विवाद में माधुरी ने रखी अपनी राय



**बॉलीवुड** में हाल ही में काम करने के घंटे और शूटिंग शेड्यूल को लेकर बहस छिड़ी थी। दीपिका पादुकोण द्वारा अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट से दूरी बनाने और 8 घंटे की शिफ्ट की मांग के बाद इंडस्ट्री में काम और निजी जीवन के संतुलन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई। इसी बीच बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने इस मुद्दे पर अपनी साफ राय रखी है। लंबे करियर में अनगिनत फिल्में, डांस नंबर से लोगों को मोह लेने वालीं माधुरी मानती हैं कि काम के घंटे तय करना हर कलाकार का निजी फैसला होना चाहिए। उनका कहना है कि हर इंसान के लिए काम करने का तरीका अलग होता है और किसी पर भी किसी एक नियम को थोपना उचित नहीं। उन्होंने याद दिलाया कि अपने शुरूआती दौर में उन्होंने रोजाना 12 घंटे से भी लंबे शिफ्ट में काम किया, लेकिन यह चुनाव उनका अपना था। माधुरी ने कहा कि अगर कोई अभिनेत्री अपनी व्यक्तिगत जिंदगी और करियर में संतुलन बनाना चाहती है और तय घंटे में काम करना चाहती है, तो यह उसका अधिकार है। उन्होंने कहा- 'फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से आपसी सहमति पर चलती रही है। अगर प्रोड्यूसर तैयार है और कलाकार सहमत है, तो फिल्म बनती है; नहीं तो कोई बाध्यता नहीं रहती।' इस मुद्दे पर कुछ समय पहले अभिनेत्री रानी मुखर्जी भी अपनी राय रख चुकी हैं, जिन्होंने साफ कहा था कि फिल्म जगत में काम के घंटे हमेशा से बातचीत और सहमति का विषय रहे हैं। रानी के मुताबिक, इसे किसी दबाव या मजबूरी की नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। बहस सिर्फ कार्य घंटों तक ही सीमित नहीं रही। माधुरी दीक्षित ने अपने करियर के सबसे अहम सहयोग- दिग्गज कोरियोग्राफर सरोज खान को याद करते हुए कई दिलचस्प बातें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि सरोज खान ने उनके डांस कौशल को निखारने में जरूरी अहम भूमिका निभाई। 'तेजाब' के फेमस गीत एक दो तीन से लेकर 'खलनायक', 'देवदास' और 'अंजाम' के आइकॉनिक डांस नंबर तक, दोनों ने मिलकर बॉलीवुड को कई ऐतिहासिक गीत दिए।

# क्या श्रेयस को डेट कर रही हैं मृणाल?

**मृणाल** ठाकुर इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पहले धनुष के साथ और अब क्रिकेटर श्रेयस अय्यर के साथ उनके अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। कथित तौर पर मृणाल और श्रेयस कई महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मृणाल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें मृणाल ने मजेदार अंदाज में जवाब दिया। इस वीडियो में उनकी मां उनके सिर की मालिश कर रही हैं और वो जोर-जोर से हंस रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'वो बातें करते हैं, हम हंसते हैं। अफवाहें मुफ्त का प्रचार हैं और मुझे मुफ्त चीजें बहुत पसंद हैं।' यानी मृणाल ने साफ बता दिया कि वो इन अफवाहों को गंभीरता से नहीं ले रही हैं और इसे फ्री पब्लिसिटी मानकर खुश हैं। मृणाल जल्द ही कई फिल्मों में नजर आएंगी। वह वरुण धवन के साथ डेविड धवन की कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है,' अदिवी शेष के साथ एक्शन फिल्म 'डकैत,' और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगी।

आईपीएल 2026 नीलामी

# 1355 खिलाड़ियों की सूची में 45 का आधार मूल्य 2 करोड़



**मुंबई।** आईपीएल 2026 के मिनी-ऑक्शन के लिए कुल 1,355 खिलाड़ियों ने लंबी सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। ये सूची आईपीएल ने फ्रेंचाइजियों के साथ साझा की गई है और रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 30 नवंबर बताई गई। अब फ्रेंचाइजी इनमें से प्रमुख नामों पर अपनी सहमति जताएंगी और उसके बाद नीलामी के लिए खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इन 1355 रजिस्टर्ड खिलाड़ियों में से 45 खिलाड़ियों ने सबसे ऊंची श्रेणी यानी दो करोड़ रुपये वाले वर्ग में रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, मैक्सवेल का नाम इन 1355 खिलाड़ियों की सूची में नहीं है। यानी वह बोली में शामिल नहीं होंगे। यह फैसला चौंकाने वाला है। इनमें प्रमुख नामों में कैमरन ग्रीन, लियाम लिविंगस्टोन, रवि बिश्नोई, वेंकटेश अय्यर, मथीशा पथिराना और वानिंदु हसरंगा शामिल हैं। नीलामी एक दिन की होगी और 16 दिसंबर को अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों का स्क्वॉड बना सकती है। इस आधार पर ऑक्शन में कुल 77 स्लॉट भरे जाने हैं, जिनमें से 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। दो करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले खिलाड़ियों की सूची काफी प्रभावशाली है। इस सूची में विदेशी और कुछ भारतीय नाम दोनों शामिल हैं, लेकिन सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ी, वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ने खुद को इस उच्चतम बेस प्राइस पर रखा है। यह दर्शाता है कि अधिकांश भारतीय खिलाड़ी नीलामी में टीम-मानसिकता के साथ उतरना चाहते हैं।

### कोलकाता और चेन्नई हैं बड़ी ताकत

फिलहाल कोलकाता नाइट राइडर्स के पास ऑक्शन में सबसे बड़ा पर्स है। उनके पास 64.3 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं, जबकि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स दूसरे नंबर पर है। उसके पास 43.4 करोड़ रुपये बचे हुए हैं। दोनों टीमों के पास विदेशी स्लॉट खाली हैं, इसलिए वे ग्रीन जैसे बहुआयामी खिलाड़ी पर बड़ा दांव लगा सकती हैं। के केआर ने हाल ही में नौ खिलाड़ी रिलीज किए हैं और उनके पास 12 स्लॉट भरने हैं, जिनमें से छह विदेशी हैं। इससे यह साफ है कि केकेआर बड़े और महत्वपूर्ण खरीदारी के मूड में है। दूसरी तरफ सीएसके के पास भी नौ स्लॉट खाली हैं, जिनमें चार विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं और वे भी तेज गेंदबाज या ऑलराउंडर जोड़कर बैलेंस करना चाहेंगे।

### कई रिलीज खिलाड़ी फिर सूची में

कई ऐसे खिलाड़ी जिन्हें फ्रेंचाइजी ने हाल ही में रिलीज किया है, उन्होंने खुद को उच्च बेस प्राइस पर रखा है। खासकर मथीशा पथिराना, जिन्हें सीएसके ने पिछले साल ?13 करोड़ में रखा था, चोट और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज किया। इसी तरह लियाम लिविंगस्टोन को आरसीबी ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, पर खराब प्रदर्शन के कारण गत चैंपियन के साथ सिर्फ एक सीजन तक टिक पाए। अब वे फिर से ऑक्शन में हैं और किसी टीम के लिए बहुमुखी विकल्प साबित हो सकते हैं। दो करोड़ के आरक्षित मूल्य में शामिल भारतीयों में वेंकटेश शामिल हैं, जिन्हें केकेआर ने मेगा-नीलामी में राइट-टू-मैच विकल्प का उपयोग करके 23.75 करोड़ में वापस खरीदा था। वहीं, रवि बिश्नोई, जिन्हें पिछले साल लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 11 करोड़ में रिटेन किया था। हालांकि, उनके चार साल के कार्यकाल के दौरान साल-दर-साल कमजोर हो रहे प्रदर्शन के कारण एलएसजी ने इस लेग स्पिनर को रिलीज कर दिया।

# खेलो इंडिया मैराथन में बाह के गौरव यादव ने जीता रजत पदक

एनएनआई

**बाह।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया में बाह के गौरव यादव ने सोमवार को 5 किमी मैराथन में रजत पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चंबल के बीहड़ में बसे बाह के गोहरा गांव के किसान बल्ली यादव, ओमवती के बेटे गौरव यादव ने खादर में पसीना बहा कर राष्ट्रीय फलक पर एथलेटिक्स में अपनी चमक बिखेरी है। खेलो इंडिया जयपुर में उन्होंने 5 किमी की मैराथन में अपने प्रतिद्विंदियों को पीछे छोड़ कर रजत पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक से चूके गौरव यादव ने बताया कि देश के लिए मैराथन में स्वर्ण पदक जीतना उनकी जिंदगी का मकसद है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल स्टेट एथलेटिक्स में 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। जबकि जून में भोपाल में हुए नेशनल स्कूल गेम्स में गौरव यादव ने 1500 मीटर में कांस्य एवं 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। दो साल पहले स्टेट एथलेटिक्स में 1500 और 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। रजत पदक जीत कर बाह और जिले का नाम रोशन करने वाले गौरव यादव की उपलब्धि पर बाह की विधायक पक्षालिका सिंह,



पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह, राजेश यादव, देवेश तिवारी, हृदयनरायन शर्मा, आशुतोष नेहरू, शंकरदेव तिवारी, मुकेश शर्मा, कृपा नरायन उर्फ छुट्टन शर्मा, अरुण दुबे आदि ने खुशी का इजहार कर बधाई दी है।

## गंभीर को हर्षित राणा पर इतना भरोसा क्यों?



**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रांची में खेले गए पहले वनडे में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने तीन विकेटों के दम पर भारत की जीत की नींव रख दी। इस प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि एक महीने पुराना पॉडकास्ट वीडियो भी वायरल हो गया है, जिसमें अनुभवी भारतीय पेसर संदीप शर्मा ने बताया था कि आखिर चयनकर्ता और गौतम गंभीर जैसे कोच राणा पर इतना भरोसा क्यों कर रहे हैं। यह वीडियो तब चर्चा में आया जब आलोचक लगातार सवाल उठा रहे थे कि हर्षित राणा को इतना मौका क्यों दिया जा रहा है, जबकि टीम में अनुभवी गेंदबाज भी मौजूद हैं। संदीप शर्मा ने उस बातचीत में कहा था, 'जब आप किसी खिलाड़ी में दुर्लभ क्षमता देखते हैं, तो उसको समय देना जरूरी होता है। हर्षित 140+ की गति फेंकता है, उसकी हाइट अच्छी है, ताकत अच्छी है, ऐसे गेंदबाज कम मिलते हैं।'

Junior Hockey WC:

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम



**मदुरै।** भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी और अब उसका सामना एफआईएच जूनियर विश्व कप में अपने अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को स्विट्जरलैंड से होगा। भारतीय टीम अच्छी फॉर्म में चल रही है, लेकिन उसे अब तक असली चुनौती नहीं मिली है। भारत की कोशिश रहेगी कि नॉकआउट चरण से पहले टीम अपने कमजोर पक्ष को दूर करे। भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की। भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुआई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी। भारत के लिए चिंता का एक अन्य क्षेत्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर पाना है। टीम के मुख्य ड्रैगफ्लिकर कप्तान रोहित को अपने खेल में सुधार करना होगा। ऐसा नहीं है कि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं किए, लेकिन अधिकतर गोल वैरिएशन और रिबाउंड से किए गए। स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच मदुरै में भारत का एकमात्र मैच है। इसके बाद वह अपने बाकी मैच खेलने के लिए चेन्नई लौटेगा। यह देखना अभी बाकी है कि भारतीय खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों के साथ किस तरह तालमेल बिठा पाते हैं।

# हारे के सहारे, श्याम हमारे के जयकारों से गूंज उठा खाटू मंदिर

## • मंदिर में भक्तों को मिले दिव्य फूल बंगला श्रृंगार के दुर्लभ दर्शन

एनएनआई



**आगरा।** मोक्ष प्रदान करने वाली मोक्षदा एकादशी के शुभ अवसर पर जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में भक्तों को दिव्य फूल बंगला श्रृंगार के दुर्लभ दर्शन प्राप्त हुए। रंग-बिरंगे पुष्पों से सजे इस विशेष स्वरूप ने मानो स्वयं बाबा श्याम की कृपा का अवतरण करा दिया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और हारे के सहारे, श्याम हमारे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि मोक्षदा एकादशी पर श्रृंगार सेवा, राजभोग और संध्या भोग सेवा ट्रस्ट द्वारा विधिवत संपन्न की गईं। उन्होंने बताया कि पोशाक सेवा रेनू गुप्ता द्वारा और इत्र सेवा सचिन चाहर द्वारा समर्पित की गई, जिससे श्रृंगार का सौंदर्य और दिव्यता और भी निखर उठी। जो भक्त अपने घर पर ज्योत नहीं जगा पाते, वे मंदिर में आकर इस दिव्य ज्योत के दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश की यह 40 वीं जोत होगी। लगातार 3 वर्ष से मंदिर में बाबा की बारस की ज्योत के दर्शन भक्तों द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। मोक्षदा एकादशी के इस पावन पर्व पर हुए भव्य श्रृंगार दर्शन ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया और पूरा मंदिर परिसर दिव्य ऊर्जा से आलोकित रहा। इस अवसर पर व्यवस्थाएं संजय अग्रवाल, विपिन बंसल, विकास गोयल आदि ने संभाली।








# विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का दिया संदेश

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पालीवाल पार्क परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में सोमवार को एक प्रेरणादायी व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में निदेशक डॉ. मनोज राठौर द्वारा किया गया. संस्थान निदेशक ने उद्घाटन वक्तव्य में विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे, जो एनआईटी भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स के प्राध्यापक पद पर सेवा दे चुके हैं और समाज सुधार हेतु स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके हैं, ने आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और राष्ट्र के प्रति कर्मठता के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से देशहित में कार्य करने और अपनी योग्यता का उपयोग समाजिक विकास में लगाने का आह्वान किया। डॉ. सप्रे ने भारतीय ज्ञान परंपरा में स्त्रियों की भूमिका और योगदान पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने गार्गी, आपाला, अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विदुषियों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और बताया कि भारतीय इतिहास में स्त्री शिक्षा, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व का अद्वितीय स्थान रहा है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन का उल्लेख करते हुए दृढ़ निश्चय और इच्छाशक्ति को सफलता का आधार बताया।

मुख्य वक्ता ने यह भी कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जिन अनगिनत वीरों और वीरांगनाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी, उनके प्रति कृतज्ञता का सर्वोत्तम मार्ग यही है कि हम आज अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

# हरे राम-हरे कृष्णा.. संकीर्तन के साथ समझाया गीता का महत्व

एनएनआई



**आगरा।** संयमित जीवन के साथ मेहनत और कर्मप्रधानता का ज्ञान देने वाली श्रीमद्भगवत गीता का आज ही के दिन लगभग पांच हजार वर्ष पहले श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था। इसीलिए शुक्ल पक्ष, मार्गशीर्ष माह की एकादशी को मोक्षदा एकादशी भी कहा जाता है। क्योंकि मोक्षता एकादशी के दिन ही मोक्षप्रदायी गीता का अवतरण हुआ। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (स्कॉन) में आज मोक्षदा एकादशी व गीता जयन्ती के पावन पर्व को भक्तिभाव के साथ मनाते हुए यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने दी।

हरे राम-हरे कृष्णा... संकीर्तन के साथ भव्य फूल बंगले का आयोजन किया गया। भगवान जगन्नाथ जी, बहन सुभद्रा व बलभद्र को लाल रंग की पोशाक से श्रृंगारित किया गया। संध्या काल में गीता के 18 अध्यायों के श्लोक का संस्कृत में पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। गीता जयन्ती के मौके पर मंदिर व मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद्भगवत गीता का दान भी किया गया, जिससे मोक्षदायनी गीता का प्रचार प्रसार हो। नई पीढ़ी इसे पढ़े और सद्मार्ग के रास्ते पर चले। अच्छे कर्म करके अच्छे मनुष्य बनें। इसके लिए जीवन में संयम का होना बहुत आवश्यक है। अरविन्द प्रभु ने बताया कि 14 दिसम्बर को सूरसदन में गीता ओलम्पियाड समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के लगभग 200 स्कूलों के विद्यार्थियों के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, आशु मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, संजीव मित्तल, संजीव बंसल, राजेश उपाध्याय, ओमप्रकाश अग्रवाल, हरिदास, अदिति गौरांगी, शाश्वत नन्दलाल, ज्योति बंसल, संजय कुकरेजा आदि उपस्थित थे।